data base for better assesement of geological prospectivity of the blocks by companies. Where necessary, boundaries of these blocks vrould be modified in the light of further exploration work carried out by ONGC/ OIL to include areas of potential interest to the bidders.

बिहार में एल०पी०जी० की प्रतीक्षा–सूची

1174. श्री एस० एस० अहलुवालिया : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 दिसम्बर, 1993 को समाप्त हुई अवधि के दौरान बिहार के प्रत्येक जिले में सार्वजनिक तेल कम्पनियों के एल पी जी के कुल कितने वितरक कार्यरत थे तथा गैस कनेक्शनों के जारी किए जाने के लिए कुल कितने उपभोक्ताओं की प्रतीक्षा सूची में पंजीकृत किया गया तथा उनका जिलावार ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार बिहार राज्य की प्रतीक्षा सूची में दर्ज सभी उपभोक्ताओं को कब तक एल पी जी कनेक्शन जारी कर देने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्यमंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) समानांतर विपणन प्रणाली के तहत निजी एजेंसियां सरकार के किसी हस्तक्षेप के बिना डिस्ट्रीब्यूटरों को नियुक्त करने तथा ग्राहकों का पंजीकरण करने के लिए स्वतंत्र हैं । इसलिए इस संबन्ध में मांगी गई सूचना सरकार द्वारा नहीं रखी जा रही है ।

(ख) 1-1-1994 को स्थिति में बिहार राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास 2.71 लाख लोग रसोई गैस कनेक्शनों हेतु प्रतीक्षा सूची में थे । रसोई गैस की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए अधिक से अधिक आवेदकों को यथा संभव शीघ्र रसोई गैस कनेक्शन देने के प्रयास लगातार जारी हैं ।

तेल और प्राकृतिक गैस आयोग तथा इंडियन आयल कारपोरेशन के अधिकारियों द्वारा नियमों की कथित अवहेलना

1175. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तेल और प्राकृतिक गैस आयोग (ओ एन जी सी) तथा इंडियन आयल कारपोरेशन (आई ओ सी) में वस्तुओं की खरीद के लिए कतिपय नियम बनाए गए हैं तथा इन दोनों ही उपक्रमों के अधिकारियों के विरुद्ध इन नियमों की अवहेलना करने के संबंध में आरोप लगाए गये हैं,

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान इन नियमों की अवहेलना करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है, और

(ग) इन पर कार्यवाही करने के बाद इन अधिकारियों को क्या सजा दी गई है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन पटल पर रख दी जाएगी ।

Deep Seismic Sounding Techonology

1176. SHRI JAGANNATH SINGH :
SHRI RAMACHANDRAN PILLAI :

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the techonology, "Deep Seismic Sounding" in the better exploration of oil field;

(b) if so, the details thereof; whether Government have any proposal to appoint a Scientific expert/advisor on "Deep Soundiag" in the Ministry; and

(c) if not, what are the reasons therefor ?